

## खबर संक्षेप

### चोरी के दो मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रामानुजगंज।** चोरी के अलग-अलग दो मामलों में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है तथा आरोपियों के कब्जे से चोरी की सामग्री सहित घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को जब्त किया है। शासकीय पॉलीटेक्निक आरागाही मे 4 मार्च की रात गेट फांदकर 6 नग स्ट्रीट लाइट चोरी करने के मामले में पुलिस ने धारा 331 एवं 305 का मामला पंजीबद्ध कर जांच कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस सुभाष नगर निवासी आरोपी ओम सरदार एवं प्रसन्नजीत मंडल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 नग एलईडी स्ट्रीट लाइट बरामद किया तथा घटना में प्रयुक्त हीरो एक्सट्रीम मोटरसाइकिल को जब्त कर आरोपियों को जेल भेजा है। एक-दूसरे मामले में धनपुरी निवासी सूर्य कुमार ने 12 जनवरी को एक व्यक्ति द्वारा दुकान से नगद रूपए एवं मोबाइल चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान कर मामले में तामेश्वर नगर निवासी अमन मिस्त्री को गिरफ्तार कर उससे 500 रूपए नगद एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त किया है। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार था।

### बाइक सवार तस्करों से पकड़ी 67 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

**चांदनी बिहारपुर।** होली पर्व के ठीक पहले चांदनी बिहारपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ में बिक्री के लिए लाई जा रही भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है। इस कार्रवाई ने ग्राम पंचायत नवाटोला स्थित अंतरराज्यीय बैरियर की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा कर दिया हैं। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के मकरोहट क्षेत्र से दो बाइक पर सवार चार युवक दो बोरियों में शराब भरकर बिहारपुर क्षेत्र में खपाने के उद्देश्य से आ रहे थे। बताया जा रहा है कि आरोपी नवाटोला अंतरराज्यीय चेक पोस्ट को पार कर छत्तीसगढ़ सीमा में प्रवेश कर गए। ग्राम बिहारपुर पुराना टोला मार्ग पर पुलिस ने घेराबंदी कर चारों आरोपियों को पकड़ा। तलाशी में कुल 376 पाव अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने दोनो बाइक को जब्त कर आरोपी ग्राम ठाडपाथर निवासी रामलगन सिंह(23 वर्ष), लवकुश पांडे (21 वर्ष), संत कुमार सिंह (19 वर्ष) व मिर्जा प्रसाद काशी (26 वर्ष) को गिरफ्तार कर सभी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी राम प्रताप साहू, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक भूपेंद्र सिंह, आलोक सिंह, मुकेश साहू, मनजीत कुमार, मंगल साय सहित अन्य सक्रिय रहे। नवाटोला में अंतरराज्यीय बैरियर स्थापित है, जहां आबकारी विभाग के अधिकारी तैनात रहते हैं तथा दो गार्ड 24 घंटे ड्यूटी पर मौजूद रहते हैं। बावजूद इसके बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब का बैरियर पार कर जाना कई सवाल खड़े करता है।

# हौसलों की उड़ान: ऑटो चलाकर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

महिला दिवस विशेष

- पति के कंधे से कंधा मिलाकर परिवार दे रहीं आर्थिक मजबूती

जशपुर जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित फतेपुर गांव को रहने वाली 23 वर्षीय रजंती बाई प्रजापति ऑटो चलाकर पति का आर्थिक रूप से सहयोग करती हैं। रजंती बाई सवारी मिलने पर पड़ोसी राज्य झारखंड के गुमला तक अपना ऑटो लेकर सवारी पहुंचाती हैं। 10वीं तक पढ़ाई करने वाली रजंती पिछले लगभग 2 सालों से ऑटो चला रही हैं, उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें एक लड़की और दो लड़के हैं, दोनों अच्छी स्कूल में शिक्षा ले रहे हैं।





### बैंक से लोन लेकर खरीदा ऑटो

रजंती बाई ने बैंक से लोन लेकर बैटरी वाली ऑटो खरीदा और चलाना शुरू किया। अब लगभग ऑटो की सारी किस्तें पूरी होने वाली हैं। रजंती महीने में 20 से 30 हजार रुपए कमाती है, जिससे आर्थिक आत्मनिर्भरता के साथ ही बारीक स्थिति को मजबूत करने में अपना पूरा योगदान दे रही हैं।

### कभी करती थीं ईंट भट्ठे में मजदूरी

रजंती बाई के बताया कि, कभी वो ईंट भट्ठें मे मजदूरी करने जाया करती थीं, लेकिन हाड़ तोड़ मेहनत के बाद भी कुछ नहीं मिल पाता था। न परिवार को समय दे पाती थीं, न ही जीवन-यापन के लिए पर्याप्त पैसा ही कमा पाती थीं।

### पति से सीखा ऑटो चलाना भांजे ने बढ़ाई हिम्मत

रजंती बाई ने अपने पति महावीर प्रजापति से ऑटो चलाना सीखा, क्योंकि कभी आपात स्थिति में जरूरत पड़ने पर कहीं आ जा सकें। ऑटो चलाना सीखने के बाद उनके भांजे ने हौसला दिया और उन्होंने ऑटो खरीद कर चलाना शुरू किया ।

## आरोपी पति गिरफ्तार

# चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के तपकरा थाना क्षेत्र के ग्राम पुटली में चरित्र शंका के चलते पति द्वारा अपनी पत्नी की निर्मम हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने लोहे के धारदार हथियार दौली से गले पर वार कर पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पुटली निवासी जेरोम तिर्की उम्र 56 वर्ष को अपनी पत्नी अलकिसलिया तिर्की उम्र 53 वर्ष के चरित्र पर संदेह था, जिसको लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था।बताया जा रहा है कि, 6 मार्च की रात करीब 2:30 बजे विवाद इतना बढ़ गया कि, आरोपी ने घर में रखे लोहे के धारदार हथियार दौली से पत्नी के गले पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।



### पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलते ही तपकरा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पूछताछ में आरोपी के अपराध स्वीकार करने के बाद पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। साथ ही हत्या में प्रयुक्त लोहे का हथियार दौली भी जब्त कर लिया गया है।

### छोटे भाई के घर जाकर आरोपी ने दी हत्या की जानकारी

घटना के बाद आरोपी ने खुद अपने छोटे भाई जूलियस तिर्की उम्र 45 वर्ष के घर जाकर बताया कि, उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। सूचना मिलने पर जूलियस तिर्की परिवार के साथ आरोपी के घर पहुंचा, जहां उसने देखा कि महिला बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ी थी और उसके गले में गहरा घाव था, जिससे खून बह रहा था।

## बच्चों ने विभिन्न मॉडल प्रस्तुत कर किया प्रभावित

# बस्ता मुक्त शनिवार के तहत विज्ञान मेला एवं मॉडल प्रदर्शनी

**जशपुरनगर।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण पटेल के मार्गदर्शन में संकुल केंद्र डूमरटोली में बस्ता मुक्त शनिवार कार्यक्रम के तहत विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर बीआरसीसी आशुतोष शर्मा के द्वारा किया गया।

विज्ञान प्रदर्शनी में माध्यमिक शाला डूमरटोली एवं माध्यमिक शाला सोगडा के छात्रों ने विज्ञान के विभिन्न मॉडल जैसे- भारी वजन उठाने की मशीन, वाटर फिल्टर, वायुदाब मापन विधि का प्रयोगात्मक प्रयोग, सोलर प्लेट, ऑटोमेटिक वाटर मशीन, ताप मापन, सौरमंडल का मॉडल, सौर ऊर्जा से विद्युत निर्माण वायुदाब का प्रयोग के साथ विज्ञान किट की सामग्री का प्रस्तुतीकरण एवं प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन विज्ञान शिक्षक



सत्यदीप प्रसाद सीएसी डूमरटोली मीरा अग्रवाल, अजीत कुमार सिदार सीएसी सोगडा के सहयोग एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मार्गदर्शन में किया गया। शिक्षक रजनी बिंझवार ने एफएलएन कीट मात्रा चार्ट, फ्लावर मैथ्स सेट, भारत का नक्शा, शब्द कार्ड के माध्यम से खेल का प्रस्तुतीकरण किया।

### मातृ सम्मेलन का आयोजन

इस अवसर पर माध्यमिक शाला डुमरटोली में शिक्षक पालक मातृ सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। मातृशक्ति को बीआरसीसी मनोरा आशुतोष शर्मा, निलाभ्र सर, राजेन्द्र यादव एवं मीरा अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंत्री बाई ने किया। कार्यक्रम को व्यवस्थित संचालित करने में संजीव यादव, किरण राम महारथी, मंत्री बाई, भगवती राठिया, व सरिता बाई का सहयोग रहा। सम्मेलन में ग्राम फतेहपुर मरगा एवं डूमर टोली के ग्रामीण व अभिभावक, प्राथमिक शाला बेलटोली सिकटाटोली के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। शाला विकास समिति डूमरटोली अध्यक्ष मधुमति प्रजापति ने कहा, ऐसे कार्यक्रमों से बच्चे विषय की गंभीरता को सहजता से समझ जाते हैं, और उसे कभी भी नहीं भूलते हैं। अंत में सामूहिक रूप से आयोजित न्यौता भोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## गार्मी के लिए मिट्टी के घड़े बनाने में जुटे कुम्हार



**कोतबा।** मिट्टी और कुम्हार का वह अटूट रिश्ता, जो धैर्य और कौशल से बेजान मिट्टी को उपयोगी कलाकृति में ढाल देता है। छत्तीसगढ़ के वनाच्छादित जशपुर जिले में फरसाबहार विकासखण्ड के तमामुंडा गांव में, जहां हर घर से चाक की सुरीली आवाज गूंजती है, शिल्पकार लबधन राम चक्रेश आगामी गर्मी के मौसम के लिए 'देसी फ्रिज' यानी मिट्टी के घड़े तैयार करने में जुटे हुए हैं। तस्वीर में वे चाक से उतरे कच्चे घड़ों को लकड़ी की 'थापी' से पीटकर सही आकार और मजबूती दे रहे हैं। रोजाना तड़के पैरों से मिट्टी को रौंदकर और चाक पर उसे घुमाकर सुंदर घड़े बनाने की इनकी यह कला, धैर्य और रचनात्मकता का एक अनूठा प्रतीक है। गर्मी का मौसम आते ही इन बर्तनों की मांग बढ़ जाती है, और ताममुंडा का हर कुम्हार परिवार अपनी इस पारंपरिक कला और आजीविका के साधन को सहेजकर जीवित रखने में लगा हुआ है।

हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

8 March Happy Woman's Day

CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES
BILASPUR (C.G.)
B.TECH, M.TECH, MBA, PHARMACY, LAW, BAMS, DEGREE COURSES

प्रथम पुरस्कार वाशिंग मशीन | द्वितीय पुरस्कार इंडक्शन | तृतीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर | चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रीक आयरन | विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भगवान महावीर जी की माता का क्या नाम था ? ..........
2. भारत की प्रथम महिला सरोद वादक कौन थी ? ..........
3. भारत की प्रथम महिला पायलट कारगिल युद्ध आपरेशन में भाग लिया ? ..........
4. भारत की प्रथम महिला न्यूज रीडर कौन थी ? ..........
5. मेयर बनने वाली प्रथम किन्नर कौन थी ? ..........
6. रेल्वे बोर्ड में पहली महिला सदस्य का नाम ? ..........
7. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........
8. भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला एयर मार्शल ? ..........
9. दिल्ली मेट्रो ट्रेन की प्रथम महिला आपरेटर ? ..........
10. प्रथम महिला भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल का नाम ? ..........

Learn AI Design Tools this Summer
छुपा है हर घर में हुनर
एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Exclusively for Class 5th - 11th
ARENA ANIMATION
Call : 88188 00 890 Link Road, Bilaspur
• Graphics • Web Page Designing • Gaming • Sound - Video Editing • 2D - 3D Animation

New Town
Own it!
Off. Add. : 2nd Floor, KRISHNA Sanchhatra Compound,
Shiv Talkies Square, Beside Jalaram Food Junction Bilaspur (C.G.)

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2.महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है । 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्टि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा । 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा । 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा । 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी । 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है ।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ..........
पिता/पति का नाम :- ..........
स्थाई पता :- ..........
फोन/मो. नं. :- ..........
शैक्षणिक योग्यता :- ..........
फोटो यहां चिपकाएं

punjab national bank
...the name you can BANK upon !
pnb
call 1-800-2222 or
1-800-103-2222 Toll Free
www.pnbindia.in

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW
COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL
Campus: Near High Court, Raipur Road, Bilaspur
Mob. : 9522220113, 9516606123

## निष्पक्ष जांच व इस्तीफे की मांग, उग्र आंदोलन की चेतावनी

# कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, की नारेबाजी

**जशपुरनगर।** एप्स्टीन फाइल में एक केंद्रीय मंत्री का नाम सामने आने के मुद्दे को लेकर जशपुरनगर में कांग्रेस ने शनिवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया और मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग की।

**लोकतांत्रिक मूल्यों एवं राजनैतिक नैतिकता के विपरित: भगत:** प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक विनय भगत ने कहा कि एप्स्टीन फाइल में केंद्रीय मंत्री का नाम सामने आना बेहद गंभीर और शर्मनाक मामला है। उन्होंने कहा कि, यह केवल किसी एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि देश की प्रतिष्ठा और राजनीतिक व्यवस्था की साख से जुड़ा विषय है। ऐसे गंभीर आरोपों के बावजूद यदि कोई मंत्री अपने पद पर बना रहता है तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक नैतिकता के विपरीत है। उन्होंने कहा कि, जब तक इस पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच नहीं हो जाती, तब तक केंद्रीय मंत्री को नैतिकता के आधार पर तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।



### जनता को जनप्रतिनिधियों से स्वच्छ छवि और ईमानदारी की अपेक्षा

महिला कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष प्यारी कुजूर ने कहा कि, देश की जनता अपने जनप्रतिनिधियों से स्वच्छ छवि और ईमानदारी की अपेक्षा करती है। यदि किसी जनप्रतिनिधि का नाम इस तरह के गंभीर अंतरराष्ट्रीय मामले में सामने आता है, तो उसकी निष्पक्ष जांच होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि, मंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए स्वयं आगे आकर पद छोड़ देना चाहिए ताकि जांच प्रभावित न हो और सच्चाई सामने आ सके।

### महिलाओं की गरिमा और न्याय व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह: साफिरा

वहीं महिला कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष साफिरा टोप्पो ने कहा कि, महिला कांग्रेस इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से देख रही है। उन्होंने कहा कि, यदि इतने गंभीर आरोपों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती है, तो यह महिलाओं की गरिमा और न्याय व्यवस्था के लिए भी चिंता का विषय है। उन्होंने चेतावनी दी कि, यदि सरकार जल्द कार्रवाई नहीं करती और निष्पक्ष जांच नहीं कराती, तो महिला कांग्रेस आगे आंदोलन को और तेज करेगी।

## खबर संक्षेप



### अदिति को शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए मिला गोल्ड मेडल

**अम्बिकापुर।** भारतीय वन प्रबंधन संस्थान भोपाल का 15वां दीक्षांत समारोह केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में 28 फरवरी को आयोजित किया गया। समारोह में केन्द्रीय मंत्री श्री यादव ने उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए शहर के महावीर वार्ड स्थित डीसी रोड निवासी अदिति सिंह को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। अदिति जिला कमांडेंट अरूण कुमार सिंह एवं श्रीमती अन्नपूर्णा सिंह की सुपुत्री तथा वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रम्हाशंकर सिंह की पौत्री हैं।

### शराब के नशे में स्कूल पहुंचने पर सहायक शिक्षक निलंबित

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा के आदेशानुसार विकासखण्ड प्रतापपुर अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सरईडांड़ बोंगा में पदस्थ सहायक शिक्षक रोशन लाल उरांव को शराब के नशे में विद्यालय आने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक शिक्षक रोशल लाल प्रतिदिन शराब का सेवन कर विद्यालय आता था जिससे अध्ययन-अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा था तथा छात्रों के मनोभाव पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। ऐसे में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत उन्हें शासकीय सेवा से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय बीईओ कार्यालय प्रेमनगर नियत किया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त शिक्षक का विगत माह वेतन वृद्धि भी रोकी गई थी। संकुल शैक्षिक समन्वयक, संकुल केन्द्र बोंगा एवं ग्राम पंचायत बोंगा के सरपंच द्वारा विगत माह विद्यालय का निरीक्षण किए गया और शिक्षक के नशे में पाए जाने की पुष्टि हुई। इस निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर बीईओ प्रतापपुर द्वारा शिक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया और कोई जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर उसे कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता माना गया और रोशन लाल उरांव की आगामी दो वार्षिक वेतन वृद्धि भी असंचयी प्रभाव से अवरुद्ध कर दी गई थी।

### लरंगसाय चौक पर दो गुटों में विवाद पुलिस की समझाइश से टला टकराव

**रामानुजगंज।** नगर के लरंगसाय चौक पर होली के अवसर पर उस समय तनाव की स्थिति निर्मित हो गई, जब डीजे पर डांस कर रहे युवकों के दो समूहों के बीच मामूली कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया। हालांकि पुलिस की तत्परता और सूझबूझ से हालात पर समय रहते काबू पा लिया गया और बाद में कार्यक्रम पुनः शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हो सका।



जानकारी के अनुसार होली पर्व को लेकर लरंगसाय चौक पर युवक डीजे की धुन पर नाच-गान कर रहे थे। रंग-गुलाल और तेज संगीत के बीच बड़ी संख्या में युवक और दर्शक मौजूद थे। इसी दौरान दूसरे मोहल्ले से कुछ युवक भी पहुंचे और डांस में शामिल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक डांस के दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते तू-तू मैं-मैं और फिर हाथापाई में बदल गई। मौके पर मौजूद युवकों की भीड़ बढ़ने लगी, जिससे स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई। सूचना मिलते ही यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। प्रारंभिक स्तर पर पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को समझाने-बुझाने की कोशिश की लेकिन युवकों ने उत्तेजित होने और भीड़ अधिक होने के कारण हालत तुरंत काबू में नहीं आ सके। इसके बार अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। बड़ी संख्या में पुलिस जवानों के मौके पर पहुंचने पर स्थिति नियंत्रित हुई। पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को अलग कर शांत कराया और काफी देर तक समझाइश दी। वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्यौहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। आपसी सहमति से डीजे कार्यक्रम पुनः शुरू किया गया और युवाओं ने शांतिपूर्ण ढंग से होली का उत्सव मनाया।

## नई मंडी में दुकाने लगाने कर रहे इंकार

# अभी थोक सब्जी मंडी बनी नहीं और विक्रेताओं ने शुरू किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम द्वारा शहर के सुभाषनगर में विकसित किए गए थोक सब्जी मंडी की दुकानों की नीलामी अभी शुरू नहीं हो सकी हैं न ही आवश्यकता के अनुरूप दुकानें ही बन सकी हैं लेकिन अभी से सब्जी व्यवसायी मंडी का विरोध करना शुरू कर दिए हैं। व्यवसाइयों का कहना है कि ननि द्वारा विकसित स्थल सब्जी मंडी के उपयुक्त नहीं है तथा थोक सब्जी विक्रेता प्रस्तावित मंडी में अपनी दुकानें स्थानांतरित नहीं करेंगे।

**खास बात**

- शासकीय भूमि नहीं मिली तो खुद करेंगे अन्यत्र मंडी तैयार

कंपनी बाजार में वर्षों से संचालित थोक सब्जी मंडी अब अव्यवस्था का शिकार हो गया है। शहर के घनी आबादी के बीच संचालित सब्जी मंडी में आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होने से न केवल किसानों एवं दूर-दूर से आने वाले सब्जी विक्रेताओं बल्कि मंडी में कारोबार करने वाले व्यापारियों को भी भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में जिलेभर के किसानों द्वारा उत्पादित सब्जियों एवं खरीददारों की भारी भीड़ उमड़ने के कारण अब मंडी छोटी पड़ रही है। थोक सब्जी मंडी में वाहन पार्किंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण भी लम्बे समय से थोक सब्जी मंडी को अन्यत्र स्थानांतरित करने की आवाज उठ रही थी। ननि ने इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए आबादी क्षेत्र से बाहर सुभाषनगर में 3.38 करोड़ की लागत से नई थोक सब्जी मंडी विकसित किया है। निर्माण के प्रथम दौर में मंडी में 28 दुकानें बनाई गई हैं। ननि द्वारा निर्मित दुकानों की नीलामी कर 70 अन्य दुकानें विकसित करने की योजना है। निकट भविष्य में इसकी प्रक्रिया प्रारंभ करने की तैयारियां चल रही हैं। कंपनी बाजार स्थित मंडी में लगभग 100 थोक सब्जी विक्रेता अपनी दुकाने संचालित कर रहे हैं। नई मंडी की दुकानें बनने पर सभी थोक विक्रेताओं को नई मंडी में स्थानांतरित करने की योजना है। हालांकि थोक सब्जी विक्रेता प्रारंभ से ही नई सब्जी मंडी को अनुपयुक्त बता रहे हैं तथा नई मंडी में अपनी दुकानें स्थानांतरित करने का विरोध कर रहे हैं।



नवनिर्मित थोक सब्जी मण्डी।

#### आए दिन होगा विवाद

थोक सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि नई मंडी में व्यापार के अनुकूल सुविधाएं विकसित नहीं की गई है तथा मुख्य मार्ग से मंडी तक आवागमन के लिए सड़क तक नहीं बनी है। कच्ची सड़क से आवागमन के दौरान बरसात में गड्ढों में गाड़ियां फसेंगी तथा आवागमन प्रभावित होगा। सुभाषनगर में बड़े पैमाने पर सब्जियों का उत्पादन होता है। किसान मुख्य मार्ग पर अपनी दुकानें लगाएंगे जिससे व्यवसाय प्रभावित होगा साथ ही विवाद की स्थिति निर्मित होगी। इस संबंध में थोक व्यवसाइयों ने बैठक कर अन्यत्र मंडी विकसित करने अन्यथा आसपास के क्षेत्रों में 5 एकड़ खाली शासकीय भूमि उपलब्ध कराने की मांग की है। व्यवसायी स्वयं मंडी विकसित करने एवं ननि को नियमित उचित किराया भुगतान करने की बात कह रहे हैं। ऐसा नहीं होने पर सब्जी विक्रेता स्वयं जमीन खरीदकर थोक मंडी विकसित करने की योजना बना रहे हैं। थोक सब्जी विक्रेता किसी भी हाल में नई सब्जी मंडी में नहीं जाने की बात कह रहे हैं। हालांकि अभी तक इस संबंध में दोनों पक्षों की बात नहीं हुई है।

#### विकसित होगा वेंडिंग जोन

कंपनी बाजार में वर्षों पूर्व किसानों के लिए बने शेड अब जर्जर एवं अनुपयोगी हो गए हैं। नगर निगम नई मंडी में थोक सब्जी विक्रेताओं को स्थानांतरित करने के उपरांत बाजार में वेंडिंग जोन विकसित करने की कार्य योजना बना रहा है। योजनान्तर्गत बाजार में योजनाबद्ध तरीके से सड़क किनारे दुकानें संचालित करने वाले व्यवसाइयों के लिए ठेले एवं गुमटी विकसित की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार इसे आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाएगा ताकि ठेला-गुमटी संचालक अपना व्यवसाय अच्छी तरह संचालित कर सकें। मुख्य मार्गो के किनारे ठेला-गुमटी लगाने से आवागमन प्रभावित होता है। ननि द्वारा ठेला-गुमटी संचालकों के विरूद्ध कई बार अभियान भी चलाया गया लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं आ सका है।

#### हटाई जाएंगी दुकाने

नई मंडी का निर्माण पूरा होते ही थोक सब्जी दुकानों को हटाया जाएगा। नई मंडी का पहुंच मार्ग बन रहा है। नई मंडी में व्यवसाइयों को कोई समस्या नहीं होगी।

-डीएन कश्यप
आयुक्त, ननि

#### नहीं जाएंगे व्यापारी

थोक सब्जी विक्रेताओं ने किसी भी हाल में नई मंडी में नहीं जाने का निर्णय लिया है तथा अन्यत्र मंडी के लिए जमीन मांगी है। जमीन नहीं मिलेगी तो व्यवसायी स्वयं कहीं भूमि खरीदकर थोक मंडी विकसित करेंगे।

-काशी प्रसाद केशरी
अध्यक्ष, थोक सब्जी विक्रेता संघ



### तेज रफ्तार बाइक खड़े वाहन से टकराई, युवक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

होली त्यौहार के दिन दोस्तों के साथ रंग खेलने निकला एक युवक नशे की हालत में तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए सड़क हादसे का शिकार हो गया,हादसा इतना भयावह था कि बाइक अनियंत्रित होकर पहले एक मकान की परछी की दीवार तोड़ते हुए अंदर जा घुसी और फिर वहां खड़े ट्रांसपोर्ट वाहन से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज रफ्तार से हुई कि बाइक का अगला पहिया शॉक अप से टूटकर अलग हो गया और गंभीर रूप से चोटिल युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

- रेलवे स्टेशन मालधक्का मोहल्ले में शोक का माहौल

जयनगर पुलिस ने बताया कि मृतक गोविंद प्रजापति पिता राम नारायण प्रजापति रेलवे स्टेशन मालधक्का क्षेत्र बिश्रामपुर का निवासी था,होली के दिन 4 मार्च को सुबह से ही युवक गोविंद प्रजापति अपने दोस्तों के साथ मोहल्ले में रंग-गुलाल खेल रहा था, दोपहर करीब 1 बजे रंग खेलने के बाद गोविंद घर लौटा और परिवार के साथ बैठकर भोजन किया,भोजन के बाद उसने अपने परिजन से कहा कि वह दोस्तों के पास फिर से रंग खेलने जा रहा है। इसके बाद वह अपने भतीजे राहुल के साथ स्कूटी से घर से निकला, तभी शाम करीब 4.30 बजे एक महिला अचानक उनके घर पहुंची और गोविंद की मां को बताया कि थाना के पास गोविंद का एक्सीडेंट हो गया है, सूचना मिलते ही गोविंद के पिता अपनी पत्नी के साथ घर की स्कूटी से तेजी से बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे,लेकिन अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने बताया कि सड़क दुर्घटना में गोविंद की मौत हो चुकी है,गोविंद के सिर, चेहरे और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटों के निशान थे, जो हादसे की भयावहता को बयां कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोविंद अपने किसी दोस्त की पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 29 एसी 5728 लेकर जयनगर की तरफ जा रहा था,बताया गया कि वह नशे की हालत में था और तेज रफ्तार में बाइक चला रहा था। इसी दौरान बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे स्थित विनोद गुप्ता के घर की परछी की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दीवार टूट गई और बाइक सीधे अंदर घुस गई। इसके बाद बाइक वहां खड़े छोटा हाथी पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 डीए 7403 से टकरा गई, आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और बेसूध युवक को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया,घटना की सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। इस दर्दनाक हादसे के बाद रेलवे स्टेशन मालधक्का क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस के एसी बोगी पर बदमाशों ने किया पथराव

**बिश्रामपुर।** होलिका दहन के दिन जबलपुर से अंबिकापुर आ रही जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11265 पर अज्ञात बदमाश युवकों द्वारा पथराव किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद रेलवे पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 3 मार्च मंगलवार की रात जब जबलपुर से अंबिकापुर आ रही ट्रेन दर्रीटोला स्टेशन से आगे बढ़ी तभी कुछ शरारती तत्वों ने एसी बोगी पर पत्थरबाजी कर दी। अचानक हुई इस घटना से बोगी में बैठे यात्री घबरा गए। पथराव में बोगी के टफेन्ड ग्लास की ऊपरी सतह के टूटने से दरारें आ गई, हालांकि किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के समय बर्थ पर बिश्रामपुर निवासी सुदर्शन मंडल और सर्वजीत कौर भी सवार थे। यात्रियों ने इसकी सूचना अगले स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक और आरपीएफ को दी।



- खिड़की का टफेन्ड ग्लास टूटा, आरपीएफ ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया अपराध

मामले में आरपीएफ थाना मनेंद्रगढ़ ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रेल अधिनियम की धारा 153 के तहत केस दर्ज किया है,थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बी.के.चौधरी ने बताया कि पत्थरबाजी करने वालों की तलाश शुरू कर दी गई है,प्रारंभिक तौर पर यह घटना शरारती तत्वों की करतूत मानी जा रही है।

### पुलिस सहायता केंद्र के पास कुम्दा ग्रामीण बैंक में सेंधमारी का प्रयास, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल कुमदा कॉलोनी स्थित पुलिस सहायता केंद्र के समीप संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में होली त्यौहार की रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर चोरी का असफल प्रयास किया।गौरतलब है कि 4 मार्च की देर रात जब पूरा क्षेत्र होली के रंग और उत्सव में डूबा हुआ था,उसी दौरान अज्ञात चोरों ने बैंक को निशाना बनाया। चोर बैंक परिसर में सेंध लगाकर अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे।

प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपियों ने पहले बैंक के आसपास की गतिविधियों पर नजर रखी और फिर मौका पाकर वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई, चोरों ने बैंक की दीवार और शटर के आसपास तोड़फोड़ करने की कोशिश की,चोरी के असफल प्रयास के बाद आरोपी बदमाश मौके से फरार हो गए।घटना की जानकारी उस समय उजागर हुई जब अगले दिन सुबह बैंक कर्मचारी रोज रूटीन के समय बैंक पहुंचे। उन्होंने बैंक के बाहरी हिस्से में तोड़फोड़ के निशान और सेंधमारी के प्रयास के संकेत देखे जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई।



सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में पूछताछ शुरू कर दी है तथा संदिग्ध लोगों की तलाश की जा रही है। साथ ही बैंक परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। लोगों का कहना है कि पुलिस सहायता केंद्र के पास इस तरह की घटना होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। लोगों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### रामनगर में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हुई मौत

**बिश्रामपुर।** ग्राम रामनगर अडरापारा में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतिका के मायके पक्ष वालों ने मामले में प्रताड़ना से मौत होने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

बिश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामनगर के अडरापारा निवासी 40 वर्षीय सविता की शादी करीब 23 वर्ष पूर्व शत्रुघ्न सारथी के साथ हुई थी,महिला की होली के दिन अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर लेकर आए,यहां पर चिकित्सकों द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया,महिला की अंबिकापुर अस्पताल पहुंचने पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है,वहीं दूसरी ओर मृतिका के मायके पक्ष वालों ने प्रताड़ना की वजह से उसकी मौत होने का आरोप लगाते हुए घटना की निष्पक्ष जांच किए जाने की मांग की है।

### लग्जरी एसयुवी कार से गांजा तस्करी करते तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लटोरी पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। लटोरी पुलिस ने बताया कि 6 मार्च शुक्रवार को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चल रही नियमित जांच के दौरान लटोरी-बनारस हाईवे रोड स्थित देसी ढाबा के पास एक संदिग्ध टाटा सफारी एसयुवी वाहन से भारी मात्रा में गांजा बरामद कर तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

- लटोरी पुलिस की कार्यवाही

लटोरी पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस टीम हाईवे पर वाहनों की सघन जांच कर रही थी। इसी दौरान देसी ढाबा के पास खड़ी टाटा सफारी क्रमांक सीजी 15 ईजी 4455 पुलिस को संदिग्ध दिखी, जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें छिपाकर रखा गया करीब आठ किलो गांजा बरामद हुआ,पुलिस ने मौके पर ही वाहन में सवार तीनों युवकों क्रमशः 28 वर्षीय जीवधन पैकरा पिता घूरसाय पैकरा निवासी सोनगरा थाना भटगांव, सुरेंद्र कुमार लासकर पिता रामकुमार लासकर तथा ललित यादव पिता सुपाडीलाल यादव, दोनों निवासी बरौंधी थाना भटगांव को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया,पूछताछ में जानकारी लगी कि आरोपी वाहन के जरिए मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे थे,मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) और 29 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर तीनों आरोपियों को सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया गया।उक्त कार्रवाई में लटोरी चौकी प्रभारी अरुण कुमार गुप्ता,सहायक उपनिरीक्षक मानिक दास, प्रधान आरक्षक दिलेश्वर सिंह,आरक्षक विकास मिश्रा, संतोष जायसवाल, सोमनाथ कुशवाहा सहित अन्य सक्रिय रहे।



### पेट दर्द से पीड़ित युवक की उपचार के दौरान मौत, पुलिस ने किया मर्ग कायम

**अम्बिकापुर।** पेट दर्द से पीड़ित युवक की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार एमसीबी अंतर्गत ग्राम बिछली निवासी राम चरन आ. सुखराम (20 वर्ष) गुरुवार को परिजन से पेट में दर्द होने की शिकायत की साथ ही बताया कि पिछले दो दिनों से पेट में ज्यादा दर्द हो रहा है। परिजन युवक को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## प्रारंभिक गर्मी में ही विकास कार्यों की खुली पोल, जल जीवन मिशन कागजों तक सीमित

# कोरेया बिंझीयापारा में पेयजल संकट, पानी के लिए जूझ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम कोरेया के बिंझियापारा में पेयजल संकट ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है,हालत यह है कि पिछले करीब एक महीने से यहां के ग्रामीणों को पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। रोजमर्रा के कामकाज से लेकर पीने के पानी तक के लिए लोगों को काफी मशक्क़त करनी पड़ रही है, जिससे गांव के लोगों में नाराजगी और आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार बिंझियापारा में लगे हैंडपंप या तो खराब पड़े हैं या फिर पानी देना बंद कर चुके हैं,ऐसे में महिलाओं और बच्चों को सुबह-शाम पानी की तलाश में दूसरे मोहल्लों या दूरस्थ स्त्रोतों का सहारा लेना पड़ रहा है। कई बार तो लोगों को घंटों इंतजार करने के बाद ही पानी मिल पाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि जल जीवन मिशन के तहत गांव के स्कूल तक पाइपलाइन विस्तार का कार्य कराया गया था, जिससे उम्मीद जगी थी कि अब गांव में पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। लेकिन मैदानी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। पाइपलाइन बिछने के बावजूद ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है और घरों तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन का काम तो किया गया, लेकिन व्यवस्था को सुचारु रूप से चालू नहीं किया गया। कई स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त पड़ी है, जबकि कहीं कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। नतीजतन योजना का लाभ कागजों तक ही सीमित नजर आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित विभागीय अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। समस्या जस की तस बनी रहने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है,उनका कहना है कि मामूली गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले ही पानी की ऐसी स्थिति हो गई है, तो आने वाले भीषण गर्मी के दिनों में हालात और भी खराब हो सकते हैं।



ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराई जाए और जल जीवन मिशन की पाइपलाइन योजना को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।

### पैसे के लेनदेन को लेकर युवक को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

युवक की हत्या के मामले में पुलिस को न सिर्फ बड़ी सफलता हाथ लगी बल्कि घटना के 24 घंटे के भीतर ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हैरानी की बात तो यह है कि हत्या के मामले में एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल है। युवक की हत्या पैसे के लेनदेन में हुए विवाद पर की गई थी। मामले में पुलिस ने अपचारी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष जबकि दो आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां अपचारी बालक को बाल सुधार गृह वहीं दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम भकुरा निवासी सुटुल आ. कटराहा (25 वर्ष) होली की रात सुटुल के साथ अजय पैकरा, छत्रपाल व एक विधि से संघर्षरत बालक से पैसे के लेनदेन की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि सभी ने मिलकर डंडा व लात मुक्कों से सुटुल की बेदम पिटाई कर दी। मारपीट से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। इधर परिजन के रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 103, 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया। विवेचना में पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले के गवाहों का बयान दर्ज कर नामजद आरोपी भकुरा चट्टीपारा निवासी अजय पैकरा उर्फ जर्रा आ. कटहर राम पैकरा (19 वर्ष), छत्रपाल आ. राम अवतार (20 वर्ष) व एक विधि से संघर्षरत बालक को घटना के 24 घंटे के भीतर पकड़ लिया। पूछताछ विधि से संघर्षरत बालक सहित अजय पैकरा उर्फ जर्रा, छत्रपाल बताया कि मृतक के साथ मिलकर पूर्व में साथ काम किए थे, काम के बाद मिले पैसों को लेकर आपसी वाद विवाद हुआ था।



विवाद के दौरान मिलकर सुटुल को गाली गलौज कर हाथ मुक्का, लात व डंडे से मारपीट किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया तो उसे वही छोड कर भाग गए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में शामिल डंडा सहित अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी अजय पैकरा व छत्रपाल को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है एवं विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया।



# टॉक्सिक के पोस्टपोन होते ही 5 बड़ी फिल्मों का गड़बड़ाएगा रिलीज कैलेंडर!

**मुंबई।** बुधवार को यश की फिल्म टॉक्सिक के पोस्टपोन होने का ऐलान किया गया। इस साल हिंदी फिल्मों का रिलीज कैलेंडर पहले ही 'धुरंधर 2' की ईद पर रिलीज के कारण कई बार गड़बड़ा चुका है। इसकी वजह से वाईआईएफ की 'अल्फा' और सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान', संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' जैसी कई फिल्मों की रिलीज आगे-पीछे टाली गई हैं। अब एक बार फिर चर्चा है कि 'टॉक्सिक' की रिलीज जून में होने के कारण समर सीजन में बॉलीवुड फिल्मों का रिलीज शेड्यूल एक बार फिर गड़बड़ा सकता है। जानकार कहते हैं कि फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को किसी बड़ी फिल्म के दो हफ्ते पहले और तीन हफ्ते बाद तक रिलीज करने से बचते हैं। ऐसे में 'टॉक्सिक' की नई रिलीज डेट के कारण मई -जून में रिलीज होने वाली फिल्मों 'पति पत्नी और वो', 'है जवानी तो इश्क होना है', इम्तियाज अली की अनाम फिल्म और 'वेलकम टु जंगल' पर असर पड़ सकता है।

## लाइफ Style

# जान्हवी

## मां नहीं चाहती थीं बेटी फिल्मों में काम करें

जान्हवी कपूर की मां नहीं चाहती थीं कि बेटी इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि उनकी बेटी डॉक्टर बनें। जान्हवी को अपने कॅरियर की शुरुआत में उस वक्त बड़े दुख का सामना करना पड़ा। फिल्मों में आने के लिए उन्हें पिता से मदद लेनी पड़ी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का नाम सुनते ही हर किसी के दिमाग में उनकी मां श्रीदेवी की तस्वीर जरूर आती है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जान्हवी ने अपनी मेहनत और लगन से खुद को इंडस्ट्री में साबित किया। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था लेकिन उनकी मां श्रीदेवी नहीं चाहती थीं कि वे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि जान्हवी पढ़ाई पूरी करें और डॉक्टर बनें। जान्हवी कपूर का जन्म 6 मार्च 1997 को मुंबई में हुआ। वे श्रीदेवी और बोनी कपूर की बड़ी बेटी हैं। उनका परिवार लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है। उनके दादा सुरिंदर कपूर भी फिल्म निर्माता थे, और उनके चाचा अनिल कपूर और संजय कपूर भी फिल्मों में एक्टिव हैं। जान्हवी भी फिल्मों में आना चाहती थीं लेकिन श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग से दूर रखना चाहती थीं। ट्विंकल खन्ना और काजोल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के एक एपिसोड में जान्हवी ने खुलासा किया था कि उनकी मां श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग की दुनिया से दूर रखना चाहती थीं। उन्होंने बताया था कि उनकी मां श्रीदेवी कभी नहीं चाहती थीं कि मैं एक्टिंग करूं। जान्हवी ने इंटरव्यू में कहा, 'मां खुद एक एक्ट्रेस होने की वजह से मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव थीं। वह काफी सख्त थीं। उन्हें लगता था कि मैं बहुत भोली हूं और मैं बॉलीवुड में सर्वाइव नहीं कर पाऊंगी। वह चाहती थीं कि मैं डॉक्टर बनूं। वह मुझसे कहतीं, 'मैं तुमको एक्ट्रेस बनते नहीं देखना चाहती।



## हॉलीवुड मसाला



# पुलिस ने किया गिरफ्तार जेल में कटी रात

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स को ड्रग्स और शराब के नशे के संदेह में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 4 मार्च की है और अगले दिन सुबह उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। अब 4 मई को ब्रिटनी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह घटना 4 मार्च की रात की है। तब ब्रिटनी स्पीयर्स कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में कार चला रही थीं। कैलिफोर्निया हाइवे पेट्रोल ने बताया कि स्पीयर्स के खिलाफ पुलिस को सूचना दी गई थी कि वह अपनी बीएमडब्ल्यू कार को हाईवे पर तेज रफ्तार से लापरवाही से चला रही थीं। पुलिस ने रोका तो उन्हें ब्रिटनी पर नशे की हालत में गाड़ी चलाने का संदेह हुआ। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच अभी जारी है और केमिकल टेस्ट के रिजल्ट आने बाकी हैं। मालूम हो कि जब ब्रिटनी स्पीयर्स को पुलिस ने रोका, तब वह अपनी काली बीएमडब्ल्यू 430i को अकेले ही चला रही थीं।




# माइकल का ट्रेलर जारी भतीजा करेगा डांसर का रोल

**लॉस एंजिल्स।** माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डांसर की जिंदगी पर आधारित फिल्म में भतीजे जाफर जैक्सन उनका किरदार निभा रहे हैं। दुनिया के सबसे बेहतरीन डांसर्स में से एक माइकल जैक्सन की जिंदगी पर एक फिल्म बनी है। इसका नाम है 'माइकल'। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी दमदार है। मेकर्स ने इसमें डांसर की जिंदगी के अहम पहलुओं को दिखाने की कोशिश की है। 2 मिनट 27 सेकंड के ट्रेलर में माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर आखिर तक की कहानी दिखती है। शुरुआत में उनके करीबी उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब वह मशहूर हो जाते हैं तो हर कोई उनका दीवाना बन जाता है। ट्रेलर में कुछ भावुक पल भी हैं। वह अपने परिवार से जुड़े हैं, जो उनका सपोर्ट करते हैं। ट्रेलर में माइकल जैक्सन के शानदार मूव्स देखने को मिलते हैं। इसमें उनके बीमार होने की झलक भी दिखाई गई है। इसमें उनका एक डायलॉग काफी दमदार है, जो इस तरह है 'संगीत दुनिया बदल सकता है।'



# ऑस्कर 2026 की प्रेजेंटर्स लिस्ट में शामिल हुईं प्रियंका

**मुंबई।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इस बार 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में प्रेजेंटेटर की भूमिका में दिखेंगी। उनके साथ अन्य कलाकार भी होंगे, जो स्टेज पर विनर्स को पुरस्कार देंगे। इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा जोनस हॉलीवुड में काफी समय से काम कर रही हैं। वहीं, 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में वह पुरस्कार प्रदान करने वालीं प्रेजेंटेटर की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए की। प्रियंका चोपड़ा ने शुक्रवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया। इसमें उनके नाम के साथ अन्य प्रेजेंटेटर के भी नाम शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर लिखा, '2026 अकादमी अवॉर्ड्स।' एक्ट्रेस के साथ इस लिस्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐनी हैथवे, विल अर्नेट, ग्वेनेथ पाल्ट्रो और पॉल मेस्कल जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



# धुरंधर 2 का ट्रेलर आज होगा रिलीज....

**मुंबई।** रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए बताया है कि 'धुरंधर 2' का ट्रेलर अब 7 मार्च की सुबह 11:01 पर आउट होगा। 19 मार्च को थिएटर्स में पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में आने वाली इस मूवी में हमजा अली मजारी के मिशन की आगे की कड़ी देखने को मिलेगी। रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त स्टारर 'धुरंधर: द रिवेंज' को रिलीज होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। मगर उसके पहले फैंस इसके ट्रेलर को देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी के पहले पार्ट ने दर्शकों पर अपना ऐसा जादू बिखेरा है कि वह सीक्वल के लिए एक-एक दिन उंगलियों पर गिन रहे हैं। टीजर से तो पब्लिक मायूस हुई थी। मगर ट्रेलर के लिए आंखें बिछाए बैठी थी। क्योंकि पहले ये होली पर रिलीज होना था। लेकिन नहीं आया।

## टीवी मसाला



# दमदार किरदार में नजर आईं दिव्या, जरूरी मुद्दे पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** छह-एपिसोड वाली सीरीज 'चिरैया' का 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर प्रीमियर होगा। इसमें दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा अहम किरदारों में हैं। कुछ कहानियां अजीब होती हैं, फिर भी जरूरी होती हैं। दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' का ट्रेलर कुछ इसी तरह की कहानी बता रहा है। इसकी कहानी भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक को दिखाती है। 1 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में यह बताने की कोशिश की गई है कि एक पति अपनी पत्नी के ऊपर अपना अधिकार समझता है और उसके साथ जबरदस्ती करता है। वह पति दिव्या दत्ता का भाई होता है। पत्नी अपनी परेशानी दिव्या दत्ता से बताती है। दिव्या दत्ता उसका साथ देती हैं। हालांकि दिव्या के पति (संजय मिश्रा) इस मामले में उनका साथ नहीं देते हैं। इसके बाद मामला अदालत में पहुंचता है। 'चिरैया' का ट्रेलर एक मैसेज देता है कि शादी का मतलब सहमति नहीं है। एक महिला की आवाज को समाज की परंपराओं से मिटाया नहीं जा सकता। अपनी इमोशनल कहानी के जरिए, शो वर्षों से चली आ रही मान्यताओं पर सवाल उठाता है। 'चिरैया' वेब सीरीज शशांत शाह के निर्देशन में बनी है। **SVF** एंटरटेनमेंट ने इसे बनाया है। इसमें दिव्या दत्ता के अलावा संजय मिश्रा, सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टीनू आनंद, सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं। 'चिरैया' 20 मार्च को स्ट्रीम होगी।

## एस्पिरेंट्स सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी मशहूर हिंदी ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। द वायरल फीवर द्वारा निर्मित,




'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का निर्देशन दीपेश सुमित्रा जगदीश ने किया है। इस सीजन में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों में वापसी कर रहे हैं, जबकि जतिन गोस्वामी इस बार टीम के नए सदस्य के रूप में जुड़े हैं। 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का प्रीमियर 13 मार्च को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर भारत सहित दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा। सीजन 3 के साथ, कहानी एक नए पड़ाव पर पहुंचती है जहाँ पुरानी महत्वाकांक्षाएं और वर्तमान की जिम्मेदारियां आपस में टकराती हैं। मुखर्जी नगर से शुरू हुई एक पुरानी प्रतिद्वंद्विता अब सत्ता के ऊंचे पदों पर फिर से सामने आती है।

# प्रकाश झा की पॉलिटिकल थ्रिलर संकल्प का ट्रेलर रिलीज, नाना करेंगे ओटीटी डेब्यू

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर प्रकाश झा एक नई सोशियो-पॉलिटिकल थ्रिलर, 'संकल्प' लेकर आ रहे हैं, जिसमें नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान अय्यूब, संजय कपूर, नीरज काबी, कुबरा सैत और क्रांति प्रकाश झा जैसे कलाकार हैं। शो का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। संकल्प 11 मार्च को अमेजन MX प्लेयर पर रिलीज होगी। मेकर्स के मुताबिक, संकल्प 'मॉडर्न इंडिया में पावर, बदला, आइडियोलॉजिकल वॉर, प्रोटीज, पॉलिटिक्स, करप्शन और ब्यूरोक्रेसी के मैकेनिक्स' को दिखाता है। संस्कार, सत्ता, समर्पण की थीम वाली तिकड़ी पर आधारित, टीजर में नाना पाटेकर को मात साब के रूप में दिखाया गया है, जो एक कमांडिंग मास्टर स्ट्रैटेजिस्ट हैं जिनकी मौजूदगी हर फ्रेम में छाई रहती है।



*संजय कपूर और नीरज काबी आइडियोलॉजिकल विरोध में खड़े हैं, उनके बीच टकराव आने वाले पावर स्ट्रगल की ओर इशारा करता है। एक प्रेस नोट में कहा गया है कि इस कहानी को और दिलचस्प बनाते हुए, मोहम्मद जीशान अय्यूब एक बहुत वफादार शिष्य का रोल निभा रहे हैं, जो अपने गुरु मात साब से इतनी गहरी वफादारी से बंधा है जितनी दिखती नहीं है। इस फिल्म से नाना पाटेकर अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। इस बारे में नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया, 'मात साहब का रोल करना एक बहुत बड़ी सीख रही है और इसने मुझे एक नया डायमेंशन एक्सप्लोर करने के लिए मोटिवेट किया। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जिसमें चुप्पी, टकराव और नतीजे भरे हुए हैं। प्रकाश झा के साथ दोबारा काम करना हमेशा खास होता है क्योंकि वह ऐसी कहानियां सुनाते हैं जो सब कुछ साफ नहीं करतीं।*

# ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

## सूबेदार से हैलो बच्चों तक, रिलीज होंगी ये सीरीज-फिल्में

होली के त्योहार के बाद वीकएंड भी आ गया है। त्योहार की थकान के बाद फुरसत के कुछ पल मिले हैं। आराम के बाद अगर घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखने का मन हो तो इस बार की ओटीटी लिस्ट काफी दिलचस्प है। सिनेमाघरों में इन दिनों 'द केरल स्टोरी 2' और 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में लगी हुई हैं। कुछ नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। मगर, बदलते मौसम और छुट्टी के दिन अगर घर से बाहर निकलने का मन नहीं है और घर बैठे ही ओटीटी पर कुछ बढ़िया सिनेमा देखना है तो इस बार कई शानदार ऑप्शन हैं।



### जब खुली किताब

पंकज कपूर और डिंपल कपाडिया अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' भी शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। यह जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है। जैसे-जैसे लंबे समय से छिपी सच्चाई सामने आती है, उनका परिवार भावनाओं के भंवर में फंस जाता है।

### सूबेदार

अनिल कपूर अभिनीत फिल्म सूबेदार ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। आप वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इस फिल्म में अनिल कपूर का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह और फैसल मलिक भी हैं। 5 मार्च 2026 को यह फिल्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।

### हैलो बच्चों

विनीत कुमार सिंह अभिनीत सीरीज 'हैलो बच्चों' 6 मार्च को ओटीटी पर आ चुकी है। यह वेब सीरीज फिजिक्सवाला अलख पांडे की जिंदगी पर आधारित है। 'हैलो बच्चों' नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। इसमें विक्रम कोचर, गिरजा ओक गोडबोले, नमन जैन, सोनू कुमार यादव, अंशुल डोगरा और सतेंद्र सोनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## 24 कैरेट सोने की ड्रेस, 400 करोड़ का खर्च, 4 ऑस्कर्स जीत चुकी फिल्म

# वो फिल्म जिसे बनाते-बनाते कंगाल हुए मेकर्स, जल्दबाजी में हुई रिलीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कुछ फिल्मों के नसीब में ही मुश्किलें होती हैं। फिल्म मेकिंग में इतनी रुकावटें आती हैं कि वे बनते-बनते रह जाती हैं और कुछ बनकर भी मेकर्स को कंगाल कर जाती हैं। 63 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जो हिट तो रही लेकिन डिजास्टर भी। सुनने में अजीब लग रहा होगा कि ऐसे कैसे हुआ कि कोई फिल्म हिट भी हो और डिजास्टर भी। मगर ऐसा था। साल 1963 में आई क्लियोपेट्रा इतिहास की पहली फिल्म है जो एक ही समय में हिट और डिजास्टर रही। यह फिल्म पर मेकर्स ने इतना पैसा खर्च कर दिया कि यह प्रोडक्शन दिवालिया होने के कगार पर आ गया।

### मेकर्स के पास पैसे हो गए थे खत्म

मैनक्यूविक्ज ने फिर से फिल्म को रीशूट किया। मेकर्स के पास पैसे खत्म हो गए थे और प्रोडक्शन हाउस दिवालिया होने की कगार पर खड़ा हो गया था। मैनक्यूविक्ज को थोड़ा और वक्त चाहिए था, ताकि वह अच्छे से कहानी को फिर से लिखे और बनाए। मगर पैसे इतने खत्म हो गए थे कि मेकर्स ने कहा कि इसे जल्दी खत्म करने के लिए कहा।



### सबसे ज्यादा थी एक्ट्रेस की फीस

मिस्त्र की रानी क्लियोपेट्रा VII पर आधारित हिस्टोरिकल ड्रामा क्लियोपेट्रा सबसे चर्चित फिल्म रही। इस फिल्म का निर्माण 20th सेंचुरी फॉक्स के बैनर तले किया गया था। इस फिल्म को बनाने में करीब 5 साल लगे। उस वक्त की सबसे कामयाब एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर को फिल्म के लिए कास्ट किया गया था। इसके लिए उन्हें 1 मिलियन डॉलर (9.17 करोड़ रुपए करीब) फीस मिली थी।

### फिल्म से निकाले गए थे डायरेक्टर

इस फिल्म को बड़े लेवल पर बनाया जा रहा था। रूबेन मामौलियन फिल्म के डायरेक्टर थे। धीरे-धीरे काम हो रहा था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा था, बढ़ रहा था तो सिर्फ फिल्म का बजट। आखिर में मामौलियन को हटाया गया और फिर डायरेक्शन की कमान जोसेफ एल मैनक्यूविक्ज ने संभाली। मामौलियन ने जितनी भी फिल्म की शूटिंग की, उसमें सिर्फ 10 मिनट का सीन ही इस्तेमाल करने लायक था।

### करोड़ों रुपए की पहनी ड्रेस

44 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 400 करोड़ रुपए में क्लियोपेट्रा बनकर तैयार हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में लीड हीरोइन एलिजाबेथ टेलर का कॉस्ट्यूम का बजट 194,800 डॉलर (1.78 करोड़) था। फिल्म में एलिजाबेथ के कुल 65 कॉस्ट्यूम्स थे, जिसमें से एक 24 कैरेट सोने का था। फिल्म रिलीज हुई और इसने दुनियाभर में 57.7 मिलियन डॉलर (529.15 करोड़ रुपए) कमाए थे। इस फिल्म को काफी सराहा गया है और इसे आस्कर में 9 नॉमिनेशंस मिले। इस फिल्म ने बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन, बेस्ट विजुअल एफेक्ट्स समेत 4 ऑस्कर्स जीते थे।

## खबर संक्षेप



### प्रतिवर्ति प्रभाव रहित आयुर्वेद का पंचकर्म चिकित्सा

**पुसौर।** पंचकर्म चिकित्सा एक ऐसी चिकित्सा है जिसका किसी भी प्रकार का कोई रियेक्शन नहीं होता, बल्कि इसका सटिक प्रभाव सामने आते रहें हैं और संबंधित मरीज को इसका सीधा लाभ भी मिलता रहा है। उक्ताशय के तथ्यों को लेकर पुसौर के भाठिया कालोनी में डा. नंद किशोर खम्हारी के आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सा अस्पताल के उद्घाटन में नगर पंचायत के अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी, उपाध्याक्ष उमेश साव एवं सीएमओ ललित मोहन साहू द्वारा साझा किया गया। ज्ञात हो कि पुसौर में अषासकीय तौर पर कोई आयुर्वेद चिकित्सा प्रतिष्ठान नहीं है ऐसे स्थिति में नीजी रूप से स्थापित यह आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान लोगों के लिये उपयोगी हो सकता है। इस अवसर पर उपस्थित पुसौर आयुष विंग प्रमुख डा. चौधरी, डेंटिस्ट डा. शरद पंडा सहित अन्य चिकित्सा से जुडे लोगों ने डा.नंद किशोर खम्हारी द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा उपलब्ध कराने के इस व्यवस्था का सराहना करते हुए कहा कि पुसौर क्षेत्र में इसकी जरूरत थी जो अब पुरी हो गई है।

### पीएम आवास में लापरवाही नगोई सचिव निलंबित

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के कार्यों में लापरवाही बरतने के मामले में ग्राम पंचायत सचिव पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश पर जनपद पंचायत खरसिया अंतर्गत ग्राम पंचायत नगोई के सचिव जीवन लाल राठिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत खरसिया के पत्र के माध्यम से प्राप्त प्रतिवेदन में पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने में सचिव जीवन लाल राठिया द्वारा रुचि नहीं ली जा रही थी। साथ ही उच्च अधिकारियों के आदेश एवं निर्देशों की अवहेलना करते हुए अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती जा रही थी।

### कापू में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर की शुरुआत

**रायगढ़।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा प्रशासन पहुंचेगा जनता के द्वार अभियान के तहत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों की श्रृंखला प्रारंभ की जा रही है। इसकी शुरुआत 6 मार्च को विकासखंड धरमजयगढ़ के तहसील मुख्यालय प्रांगण कापू से होगी। शिविर दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें आमजन अपनी मांगए शिकायत, आवेदन एवं अन्य आवश्यक प्रकरण सीधे जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। जिला प्रशासन द्वारा 12 मार्च को मुकडेगा लैलूंगा, 13 मार्च को तमनार, 19 मार्च को पुसौर, 20 मार्च को छाल धरमजयगढ़, 27 मार्च को लैलूंगा, 2 अप्रैल को घरघोड़ा तथा 4 अप्रैल को खरसिया तहसील मुख्यालय में शिविर आयोजित किए जाएंगे।




## 97.40 प्रतिशत औसत प्रगति के साथ जिले के सभी ब्लॉक लक्ष्य के करीब

# मजदूरों के ई-केवाईसी में तमनार ब्लॉक अव्वल, 100 फीसदी का लक्ष्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत मजदूरों का ई.केवाईसी अभियान तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा सभी सातों विकासखंडों में ग्राम पंचायत स्तर पर शत.प्रतिशत ई.केवाईसी सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य योजना में पारदर्शिता बढ़ाना, फर्जीवाड़े पर रोक लगाना और वास्तविक मजदूरों तक समय पर लाभ पहुंचाना है। जिले में वर्तमान स्थिति के अनुसार सक्रिय मनरेगा मजदूरों का औसतन 97.40 प्रतिशत ई.केवाईसी पूरा हो चुका है, जो प्रशासन और नरेगा टीम की सक्रियता को दर्शाता है। इस अभियान में तमनार ब्लॉक ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 100 प्रतिशत ई.केवाईसी पूरा कर लिया है। कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र डनसेना के नेतृत्व और नरेगा स्टाफ के सतत प्रयासों से यह लक्ष्य हासिल किया गयाए जिसे जिले के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। अन्य ब्लॉकों की प्रगति भी तेजी से आगे बढ़ रही है। धरमजयगढ़ में 98.16 प्रतिशतए खरसिया में 97.41 प्रतिशत, रायगढ़ में 99.33 प्रतिशत, पुसौर में 96.61 प्रतिशत, घरघोड़ा में 95.77 प्रतिशत तथा लैलूंगा में 95.41 प्रतिशत ई.केवाईसी पूरा हो चुका है। अधिकांश ब्लॉक 95 प्रतिशत से ऊपर पहुंच चुके हैं और जल्द ही शत.प्रतिशत लक्ष्य हासिल होने की संभावना है। सभी कार्यक्रम अधिकारी अपनी टीम के साथ मिशन मोड में काम कर रहे हैं ताकि कोई भी पात्र मजदूर इस प्रक्रिया से वंचित न रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन मजदूरों का ई.केवाईसी पूरा नहीं होगाए वे मनरेगा के तहत मजदूरी कार्य में शामिल नहीं हो सकेंगे। इसलिए सभी मजदूरों से अपील की गई है कि वे जल्द से जल्द अपने ग्राम पंचायत या अधिकृत केंद्र में जाकर ई.केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराएं। यह पहल ग्रामीण मजदूरों के हित में एक महत्वपूर्ण डिजिटल कदम मानी जा रही है। इससे योजना में पारदर्शिता बढ़ेगी, फर्जी लाभार्थियों पर रोक लगेगी और वास्तविक मजदूरों को समय पर रोजगार एवं भुगतान सुनिश्चित हो सकेगा। वहीं तमनार ब्लॉक की उपलब्धि अन्य ब्लॉकों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है।



### छाल क्षेत्र में मॉडिफाइड साइलेंसर से बढ़ी परेशानी

**छाल।** छाल और आसपास के इलाकों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बाइकों की धूम मची है। बाइक चालक सड़कों पर सरेआम पटाखों जैसी तेज आवाज निकालकर दहशत फैला रहे हैं, जिससे न केवल आम राहगीर बल्कि बुजुर्ग और बीमार व्यक्ति भी परेशान हैं। हैरत की बात यह है कि स्थानीय पुलिस की सुस्ती के कारण इन उपद्रवियों के हौसले बुलंद हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि तेज आवाज वाली इन बाइकों को चलाने वाले अधिकांश चालक नाबालिग हैं। बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना किसी डर के ये किशोर रिहायशी इलाकों में फर्राटा भर रहे हैं। पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से अब जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर है। लोगों का कहना है कि यह पुलिस की खुली लापरवाही है। हालांकि रायगढ़ एसपी ने मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वालों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का सख्त संदेश जारी किया है, लेकिन छाल क्षेत्र में इसका असर शून्य नजर आ रहा है।

## स्व-सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनीं पूनम देवी




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की महिलाएं विभिन्न योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड के ग्राम सिमड़ा की पूनम देवी भी इसी बदलाव की एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरी हैं। पूनम देवी गणेश महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य हैं, जो आज 'लखपति दीदी' के रूप में जानी जाती हैं। कभी सीमित संसाधनों के साथ घर-परिवार की जिम्मेदारियों में लगी रहने वाली पूनम देवी ने स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन की दिशा बदल दी। पूनम देवी बताती हैं कि, पहले वे घर-गृहस्थी के कामकाज तक ही सीमित थीं, और परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए मजदूरी का सहारा लेना पड़ता था। आर्थिक स्थिति सामान्य थी, जिससे परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करना कठिन हो जाता था। इसी दौरान उन्होंने गणेश महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बचत, ऋण सुविधा और स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी मिली। समूह की अन्य महिलाओं को मछली पालन, बकरी पालन और अन्य आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आय अर्जित करते देख उन्हें भी प्रेरणा मिली। वर्ष 2025 के मार्च माह में उन्होंने मुद्रा योजना के तहत 1 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया। इस राशि का उपयोग उन्होंने अपने छोटे से किराना दुकान के विस्तार में किया। किराना दुकान को व्यवस्थित और बड़ा करने के बाद उनके व्यवसाय में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी। वर्तमान में उनकी दुकान से हर माह लगभग 30 से 35 हजार रुपए तक की बिक्री हो जाती है। इस आय से वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने के साथ ही बच्चों की पढ़ाई-लिखाई भी अच्छी तरह से कर पा रही हैं। पूनम देवी का कहना है कि, स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आत्मविश्वास और आर्थिक स्थिरता दोनों आई है। आज वे न केवल अपने परिवार के लिए सहारा बनी हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं।

## बोर्ड की कॉपियों की जांच 16 से, 13 को पहुंचेंगी जिले के दो केंद्रों में अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिका

**दोनों सेंटर में डेढ़ हजार वेल्यूअरों की तैनाती, हर विषय के 10-12 शिक्षक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

16 मार्च से 10-12 वीं बोर्ड के कॉपियों की जांच शुरू हो जाएगी। पहले फेज के लिए 13 मार्च को जिले के दो जांच सेंटरों में अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिका भी पहुंच जाएगी। गोपनीय सामग्री पहुंचने के बाद उसका पहले मिलान किया जाएगा। इसके बाद 16 से जांच होगी। इस बार बोर्ड की ओर से एक विशेष हिदायत वेल्यूअरों के लिए दी गई है। इसमें महिला वेल्यूअरों को सेंटर में पर्स ले जाने की इजाजत भी नहीं होगी। मोबाइल तो बैन है ही। यदि मोबाइल और पर्स लेकर आएंगे भी तो बाहर में छोड़ना पड़ेगा। कुल मिलाकर इस बार काफी गोपनीयता बरती जा रही है। इस बार अप्रैल के आखिरी में 10-12 वीं बोर्ड का परिणाम जारी हो जाएगा। इसके लिए परीक्षा भी समय से पहले पहली चालू हो गई थी और बोर्ड की कॉपियों की जांच भी समय पर पूरा करने कहा गया है। ऐसे में 16 मार्च से जांच शुरु हो जाएगी। जिले में बोर्ड के अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की जांच के लिए दो सेंटर नटवर स्कूल और पुत्री शाला को बनाया गया है। कॉपी जांच के लिए करीब डेढ़ हजार वेल्यूअरों की तैनाती की गई है। हालांकि वेल्यूअरों के पास सीधे कोई आदेश नहीं आता बल्कि संबंधित स्कूल में भेजी जाती है। वहां से रिलीव किया जाता है। संबंधित विषय की जांच पूरी होने के बाद वेल्यूशन सेंटर से फिर रिलीव आर्डर दिया जाता है।




### 9 मार्च तक भेजी जाएगी पहले फेज में

20-21 फरवरी से ही इस साल 10-12 बोर्ड की परीक्षाएं चालू हो गई है। दोनों कक्षा की पेपर लगभग खत्म होने वाली है। किसी कक्षा का एक किसी का दो विषय मुख्य विषय बाकी है। दूसरी ओर जांच के लिए 9 मार्च तक जिन विषयों की परीक्षा हुई है उसे जांच के लिए भेजी जाएगी। इसके बाद जो विषय बाकी होगी उसे 23 मार्च को भेजी जाएगी। याने दोनों सेंटरों में दो- दो लॉट कॉपी आएगी।

### चार साल बाद लौटा पुराना सेंटर

सालों तक बोर्ड की अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की जांच नटवर स्कूल में हो रही थी। चार साल पहले राजनीति करके नटवर स्कूल से हटाकर जूटमिल स्कूल को सेटर बना दिया गया था। हालांकि वहां न तो संसाधन है और न ही कमरे। ऐसे में इस साल जूटमिल स्कूल के प्राचार्य ने वेल्यूशन सेंटर बदलने खुद लिखित में दे दिया था। इसके बाद नटवर स्कूल को दोबारा वेल्यूशन सेंटर बनाया गया है। यहां पर्याप्त कमरों के अलावा सभी तरह की सुविधाएं भी हैं।

## बीजेपी ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**बीजेपी छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

बीजेपी ने जिला मुख्यालय सारंगढ़ में होलिका दहन के पावन अवसर पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया। यह समारोह न केवल रंगों का उत्सव था, बल्कि बीजेपी परिवार की अटूट एकता, अनुशासन और विजय की अदम्य इच्छाशक्ति का जीवंत प्रतीक बना।

समारोह में प्रदेश स्तर के दिग्गज नेताओं की मौजूदगी ने इसे और भी जोरदार बना दिया। बीजेपी छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही ने अपनी उपस्थिति से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। जिला अध्यक्ष ज्योति पटेलए, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता वेदराम जांगड़े, बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश छात्रावास प्रभारी भारत जाटवार, जिला उपाध्यक्ष अमित तिवारी समेत सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।यह समारोह सिर्फ होली का मिलन नहीं था यह विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद के संकल्प का उत्सव था। बीजेपी हर पर्व पर जनता के बीच जाकर सामाजिक सद्भाव, भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश फैला रही है।



## विशेष टीम ने किया पॉक्सो एक्ट के फरार आरोपी को गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी शंकर बरेठ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। होली त्यौहार को देखते हुए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल द्वारा थाने में दर्ज अपराधों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी दौरान से सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस टीम ने बैकुंठपुर क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी शंकर बरेठ को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। मामले में एक स्थानीय बालिका द्वारा 14 नवंबर 2025 को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह अपनी सहेलियों के साथ प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक पर जाती थी। बीते 10 नवंबर को वह अपनी सहेली के साथ मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थी, तभी भूतबधन तालाब के पास आरोपी ने उसके साथ छेड़खानी की। भय के कारण बालिका ने यह बात घर में किसी को नहीं बताई। बाद में 13 नवंबर को स्कूल से घर लौटते समय आरोपी ने फिर से उसके साथ छेड़खानी की, जिसके बाद बालिका ने पूरी घटना अपने माता.पिता को बताई और थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## पुलिस कस्टडी में लकवा,इलाज के दौरान मौत, होगी मजिस्ट्रियल जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हत्या मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए ग्रामीण पुलिस कस्टडी में ही लकवाग्रस्त हो गया। उसे इलाज के लिए रायगढ़ के बाद रायपुर रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की खबर जैसे ही परसकोल गांव के ग्रामीणों को हुई तो पूरा गांव उबल पड़ा। पहले तो आक्रोशित लोगों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी करने लगे। बाद में एनएच 49 में धरने पर बैठ गए। इससे दोनों ओर भारी वाहनों की लंबी लाइन लग गई।



उधर खरसिया विधायक उमेश पटेल को लगी तो सीधे रायपुर से ही धरना स्थल पहुंच गए। बाद में प्रशासन ने संबंधित पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई और पूरे मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसकोल में मृतक रमेश चौहान की मृत्यु के संबंध में ग्रामीणों द्वारा गुरुवार को एसडीएम कार्यालय खरसिया एवं नेशनल हाईवे पर प्रदर्शन किया गया। प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण की मजिसट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 मार्च को ग्राम परसकोल के लगभग 150-200 ग्रामीण शाम करीब 4:30 बजे एसडीएम कार्यालय खरसिया पहुंचे और मृतक रमेश चौहान की मृत्यु को लेकर नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों का आरोप था कि रमेश चौहान की मृत्यु पुलिस द्वारा प्रताड़ना के कारण हुई है। ग्रामीणों द्वारा लगभग शाम 7 बजे तक एसडीएम कार्यालय परिसर में नारेबाजी की गई। इसके पश्चात सभी ग्रामीण ग्राम बोतल्दा चौक स्थित नेशनल हाईवे पर पहुंचकर मुख्य मार्ग पर बैठ गए, जहां उनकी संख्या बढ़कर लगभग 200-250 हो गई। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक भी ग्रामीणों के साथ मौजूद रहे। ग्रामीणों द्वारा मृतक रमेश चौहान की मौत की मजिसट्रियल जांच , मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा एवं सरकारी नौकरी, दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की जा रही थी।

## जहां की पढ़ाई अब उस स्कूल को ली संवारने की जिम्मेदारी



**सरिया।** यह एक प्रेरणादायक पहल है जहां एक सरकारी सेवक ने अपने गांव के प्राथमिक विद्यालय जहां उन्होंने शिक्षा प्राप्त की थी, उसे संवारने में सहयोग प्रदान किया। इस प्रयास से न केवल स्कूल का बुनियादी ढांचा सुधरेगा बल्कि बच्चों को बेहतर सीखने का माहौल मिलेगा। ऐसी पहल अक्सर स्थानीय समुदाय और पूर्व छात्रों के योगदान से सफल होती है।

बरमकेला ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला नदी गांव में इन दिनों यहां के नवाचारी शिक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता के पहल पर हर वर्ष शाला व बच्चों के प्रोत्साहन के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी सामुदायिक सहभागिता की कड़ी में नदीगांव के राजेंद्र देहरी जो वर्तमान में एक सरकारी सेवक के पद पर कार्यालय अधीक्षक संकेत एवं दूरसंचार दपूम रेलवे रायगढ़ में पदस्थ हैं। उनके द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला नदीगांव में स्मार्ट शाला के तहत अध्यापन व्यवस्था व नई शिक्षा नीति के तहत स्मार्ट कक्षा संचालन हेतु शैक्षणिक गतिविधि से जुड़े सामग्री भेंट किया।

ज्ञात हो कि शिक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता की पहल पर इसके पहले भी कई बार उनके द्वारा शाला के बच्चों को जूता .मोजा, टाई, बेल्ट, पुस्तिका, लेखनी, बैग आदि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किया गया है। शिक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि राजेंद्र देहरी गांव की इसी स्कूल में पढ़ लिखकर आगे बढ़े हैं और सरकारी सेवक के पद पदस्थ हैं। वे गांव के स्कूल में शिक्षा के प्रति उनका विशेष रुचि व समर्पण रहता है। शिक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार और शिक्षा के प्रति जुड़ाव को बढ़ाना है। यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है। जो पूर्व छात्रों को अपनी जड़ों की ओर लौटने और शिक्षा में सुधार करने के लिए प्रेरित करती है। इसी क्रम में राजेंद्र देहरी का यह एक प्रयास जो कि खुद इस प्रणाली से पढ़कर निकला है और शिक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार के लिए सहयोग प्रदान कर रहे हैं। शिक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि यह एक प्रेरणा है समाज के लिए क्योंकि प्राथमिक शाला की नीव को मजबूत करने और अगली पीढ़ी को बेहतर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व छात्र एवं सामाजिक लोग स्कूल के प्रति सहयोग की भावना रखते आ रहे हैं। सरकारी सेवक राजेंद्र देहरी के द्वारा स्कूल में शैक्षिक सामग्री प्रदान करने के अवसर पर सरपंच गौरीशंकर विश्वाल, उपसरपंच दृष्टि देव प्रधान, शाला विकास समिति अध्यक्ष सुनील प्रधान, शिक्षाविद शरद बारीक, शिक्षक. शिवचरण प्रधान, गोपाल चौहान, श्रीमती अनीता प्रधान, आंनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति स्नेहलता पाण्डेय के साथ-साथ सभी बच्चे भी उपस्थित रहे।







